web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 04 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 09

# वायुसेना को मिला देश का पहला स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर एलसीएच : 5.8 टन वजन के साथ दो इंजन से है लैस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में बने हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) का पहला बेड़ा राजस्थान के जोधपुर में आयोजित एक समारोह में भारतीय वायुसेना में औपचारिक रूप से शामिल। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ व वायसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी मौजूद थे। एलसीएच से वायुसेना की ताकत में और वृद्धि होगी, क्योंकि यह बहुपयोगी हेलीकॉप्टर कई तरह की मिसाइल दागने और हथियारों का इस्तेमाल करने में सक्षम है। एलसीएच को सार्वजनिक उपक्रम 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है और इसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करने के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक ट्वीट में कहा कि नए हेलीकॉप्टर को शामिल करने से भारतीय वायुसेना का युद्ध कौशल बढ़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि 5.8 टन वजन के और दो इंजन वाले इस हेलीकॉप्टर से पहले ही कई हथियारों के इस्तेमाल का परीक्षण किया जा चुका है।

गौरतलब है कि इस साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने स्वदेश में विकसित 15 एलसीएच को 3,887 करोड़ रुपए में खरीदने के लिए मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 10 हेलीकॉप्टर वायुसेना के लिए और पांच थल सेना के लिए होंगे। अधिकारियों ने बताया कि एलसीएच और 'एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव में कई समानताएं हैं। उन्होंने बताया कि इसमें कई विशेषताएं हैं जिनमें 'स्टील्थ (रडार से बचने की) खूबी के साथ ही बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली से लैस और रात को हमला करने व आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने की क्षमता शामिल हैं।

## वायुसेना के पहले स्वदेशी हेलीकॉप्टर में रक्षा मंत्री ने भरी उड़ान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वायुसेना के बेड़े में शामिल भारत निर्मित नए लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी। इस दौरान उन्होंने स्वयं लड़ाकू हेलीकॉप्टर की सुविधाओं का अनुभव किया। रक्षा मंत्रायलय ने इसका वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, प्रचंड।

भारत निर्मित हेलिकॉप्टरों के नए बैच का लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर वायुसेना में शामिल हो चुका है। सोमवार को जोधपुर में भारतीय वायुसेना के एक समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। जहा उन्होंने लाइट लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड से उड़ान भरी। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इससे पहले राफेल लड़ाकू जेट समेत कई लड़ाकू विमानों की उड़ानें भर चुके हैं।

प्रचंड से उड़ान के अनुभव को साझा करते हुए रक्षामंत्री ने इसे सुगम और आरामदायक बताया। उन्होंने कहा, यह स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) में एक सहज और आरामदायक उड़ान थी। ये हेलीकॉप्टर किसी भी इलाके, मौसम और ऊंचाई पर उडऩे में सक्षम है। इसमें हमला करने की क्षमता है।

जोधपुर में वायुसेना का कार्यक्रम में पहुंचे रक्षा मंत्री को एलसीएच पर सवार होने से पहले फ्लाइंग गियर पहने देखा गया। हेलीकॉप्टर में रक्षा मंत्री अपने सह-पायलट के साथ लड़ाकू हेलीकॉप्टर के कॉकपिट में चढ़ गए। वायु सेना में प्रचंड हेलिकॉप्टरों को शामिल करने से इसकी युद्ध क्षमता में काफी वृद्धि हुई है। ये हेलिकॉप्टर बहुत ऊंचाई पर उडऩे में सक्षम हैं और कई मिसाइलों से लैस हैं। हेलीकॉप्टर का परीक्षण लद्दाख क्षेत्र में किया गया है, जहां भारत चीनी घुसपैठ के खतरे का सामना कर रहा है। यह हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के साथ चीनी ड्रोन को बाहर निकालने और हवा से सतह पर मार करने वाले हथियारों से जमीन पर टैंकों को निशाना बनाने की क्षमता रखता है।

अधिकारियों ने बताया कि लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर में कई स्टील्थ फीचर्स, आर्मर्ड-प्रोटेक्शन सिस्टम, रात में हमले की क्षमता के साथ क्रैश-योग्य लैंडिंग गियर हैं। यह लड़ाकू खोज और बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा (डीईएडी) को नष्ट करने और आतंकवाद विरोधी (सीआई) सहित कई भूमिकाओं को निभाने के लिए आवश्यक टेक्नोलॉजी से लैस है। इसे एयरोस्पेस प्रमुख हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विकसित किया गया है।

# दर्दनाक हादसा : यूपी के भदोही में दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से 3 की मौत, 64 घायल

**भदोही (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के औराई थानाक्षेत्र में एक दुर्गा पूजा के पंडाल में आग लगने की घटना में 3 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 64 लोग घायल है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सोमवार को बताया कि औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव में एक पूजा समिति के पंडाल में रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे भीषण आग लग गई थी। हादसे में एक महिला और दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं, 64 अन्य लोग घायल हो गए जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि भदोही की जया देवी (45), अंकुश सोनी (12) और नवीन (10) की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। एसपी अनिल कुमार ने बताया कि औराई थाने में एक व्यक्ति और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिलाधिकारी राठी ने बताया कि घटना की जांच के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एडीजी) राम



कुमार ने एक विशेष जांच दल का गठन किया है। उन्होंने कहा, ' ऐसा प्रतीत होता है कि 'हेलोजऩ के अधिक गर्म हो जाने से पंडाल में बिजली के तार में आग लग गई, जो बाद में हर जगह फैल गई। अधिकारियों ने बताया यह पंडाल 'एकता क्लब पूजा समिति का था। आग लगने के बाद वहां भगदड़ मच भी गई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पंडाल के अंदर हादसे के समय 300-400 लोग मौजूद थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

# भारतीय रेलवे ने 500 ट्रेनों की बढ़ाई रफ्तार, 65 ट्रेनें हुईं सुपरफास्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रेल मंत्रालय ने सभी भारतीय रेलवे ट्रेनों के लिए एक डिजिटल टाइम टेबल ट्रेन एट ए ग्लांस जारी किया है। यह टाइम टेबल 1 अक्टूबर से प्रभावी हो गया है। इसे भारतीय रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक भी किया जा सकता है। इसके अलावा भारतीय रेलवे ने 500 एक्सप्रेस ट्रेनों की स्पीड को भी बढ़ा दिया गया है। रेलवे के मुताबिक 500 एक्सप्रेट टेनों में 10 मिनट से 70 मिनट की गति दी गई है। इसके अतिरिक्त 130 ट्रेनों को सुपरफास्ट श्रेणी में परिवर्तित करके गति प्रदान की गई है। कुल मिलाकर सभी ट्रेनों की औसत गति में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे अधिक ट्रेनों के संचालन के लिए लगभग 5 प्रतिशत अतिरिक्त



पथ उपलब्ध हो गए हैं।

भारतीय रेलवे की तरफ से लगभग 3,240 मेल या एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाती हैं। इनमें वंदे भारत एक्सप्रेस, गतिमान एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस, अंत्योदय एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, युवा एक्सप्रेस, उदय एक्सप्रेस शामिल हैं।

इसके अलावा लगभग 3,000 यात्री ट्रेनें और 5,660 उपनगरीय ट्रेनें भी भारतीय रेलवे नेटवर्क पर संचालित होती हैं। इस दौरान प्रतिदिन लगभग 2.23 करोड़ यात्री यात्रा करते हैं। वहीं, अतिरिक्त भीड़ को दूर करने और यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए, रेलवे ने 2021-22 के दौरान 65,000 से अधिक विशेष ट्रेन यात्राएं संचालित कीं।

वर्तमान में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें नई दिल्ली-वाराणसी और नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चल रही हैं। एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गांधीनगर राजधानी और मुंबई सेंट्रल के बीच 1.4.2015 से शुरू की गई है। वहीं, भारतीय रेलवे की तरफ से मनोरंजन, स्थानीय व्यंजन, वाईफाई आदि जैसी ऑनबोर्ड सेवाओं की पेशकश करने वाली तेजस एक्सप्रेस सेवाओं का भी प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में, भारतीय रेलवे में तेजस एक्सप्रेस की 7 जोड़ी सेवाएं चालू हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने गांधी नगर में जीएमईआरएस परिसर में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने स्वास्थ्य, सिंचाई, जल आपूर्ति से संबंधित गुजरात सरकार की विभिन्न परियोजनाओं और दीनदयाल बंदरगाह, कांडला के उन्नयन से संबंधित पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय की परियोजनाओं का सोमवार को जीएमईआरएस, गांधीनगर से उद्घाटन और शिलान्यास किया।



इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात के लोगों में उद्यम और नवाचार की संस्कृति है। गुजरात के उद्यमियों ने गुजरात और भारत को एक विशेष पहचान दी है। गुजरात विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि गुजरात ने औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ प्राकृतिक खेती और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि जहां देश की लगभग 5 प्रतिशत आबादी गुजरात में रहती है, वहीं यह कुल राष्ट्रीय कृषि उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत का योगदान करती है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कृषि विकास के सफल प्रयोग पूरे देश में अपनाए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि बहुत लंबे समय से, गुजरात की भौगोलिक स्थिति, विशेष रूप से उत्तरी गुजरात, सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ हिस्सों में, पानी की कमी ने लोगों के सामने बड़ी समस्याएँ खड़ी की हैं। लेकिन आज वह स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। सरदार सरोवर परियोजना के तहत एक विशाल नहर नेटवर्क से लोगों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे लाखों लोगों की जिंदगी बदल गई है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक के अनुसार, गुजरात पिछले तीन वर्षों से जल प्रबंधन में देश में पहले स्थान पर है।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गुजरात ने प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य कार्ड जारी करने वाला भारत का पहला राज्य है। उन्हें यह जानकर भी खुशी हुई कि 2020-21 में जारी नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, सतत विकास लक्ष्य अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को प्राप्त करने में गुजरात देश में पहले स्थान पर है।

# गुरुग्राम में 3 मंजिला इमारत गिरने से 2 मजदूरों मौत, 2 को बचाया

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** शहर में एक पुरानी इमारत के एक हिस्से के ढहने के बाद उसके मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो मजदूरों को सुरक्षित मलबे से बाहर निकाल लिया गया। हादसा उस समय हुआ जब इमारत को गिराने का काम जारी था। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक दो मजदूरों को मलबे से निकाला भी गया है।

हादसा सुबह करीब आठ बजे उद्योग विहार फेस-1 इलाके में हुआ, जब 12 मजदूर इमारत को गिराने के काम में जुटे थे। पुलिस के अनुसार, तीन मंजिला इमारत को गिराने का काम 26 सितंबर से जारी था और फैक्टरी की दो मंजिलें गिराई जा चुकी थीं। हादसा आखिरी बची मंजिल की छत ढहने से हुआ।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दीपक सहारण ने कहा, ' दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बचाव अभियान जारी है और गाजियाबाद के एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के दल को भी तैयार रहने को कहा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस, नागरिक सुरक्षा व दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। मामले में प्रशासन ने एसडीएम को जांच के आदेश दिए हैं।

# हिमाचल प्रदेश में कल 3650 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 अक्टूबर, 2022 को हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे, जहां वे 3,650 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े 11 बजे एम्स बिलासपुर का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद वे दोपहर करीब 12:45 बजे बिलासपुर के लुहनू मैदान पहुंचेंगे, जहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे और एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 3:15 बजे कुल्लू के ढालपुर मैदान पहुंचेंगे, जहां वे कुल्लू दशहरा समारोह में हिस्सा लेंगे।

एम्स बिलासपुर के उद्घाटन के माध्यम से देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और



संकल्प को फिर से प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2017 में इसका शिलान्यास भी किया था। केंद्रीय क्षेत्र की योजना- प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत इसे स्थापित किया जा रहा है।

एम्स बिलासपुर, 1,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित है। इस अत्याधुनिक अस्पताल में 18 स्पेशियलिटी और 17 सुपर स्पेशियलिटी विभाग, 18 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 64 आईसीयू बेड के साथ 750 बेड शामिल है। यह अस्पताल 247 एकड़ में फैला है। यह 24 घंटे आपातकालीन और डायलिसिस सुविधाओं, अल्ट्रासोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई आदि जैसी आधुनिक डायग्नोस्टिक मशीनों, अमृत फार्मेसी व जन औषधि केंद्र और 30 बिस्तरों वाले आयुष ब्लॉक से सुसज्जित है। अस्पताल ने हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किया है। साथ ही, काजा, सलूनी और केलांग जैसे दुर्गम जनजातीय और अधिक ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अस्पताल द्वारा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस अस्पताल में हर साल एमबीबीएस कोर्स के लिए 100 छात्रों और नर्सिंग कोर्स के लिए 60 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-105 पर पिंजौर से नालागढ़ तक करीब 31 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने की परियोजना की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत करीब 1690 करोड़ रुपये है। यह सडक़ परियोजना अंबाला, चंडीगढ़, पंचकूला और सोलन/शिमला से बिलासपुर, मंडी और मनाली की ओर जाने वाले यातायात के लिए एक प्रमुख संपर्क लिंक है। चार लेन के इस राष्ट्रीय राजमार्ग का लगभग 18 किमी का हिस्सा हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आता है और शेष भाग हरियाणा में पड़ता है। यह राजमार्ग हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक केंद्र नालागढ़-बद्दी में बेहतर परिवहन सुविधा सुनिश्चित करेगा और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी गति देगा। इससे राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री नालागढ़ में करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क की आधारशिला रखेंगे। इस मेडिकल डिवाइस पार्क में उद्योग स्थापित करने के लिए 800 करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापन पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इस परियोजना से क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री बंदला में गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का भी उद्घाटन करेंगे। इस पर लगभग 140 करोड़ रुपये का व्यय होगा। इस कॉलेज से पनबिजली परियोजनाओं के लिए प्रशिक्षित कामगार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। हिमाचल प्रदेश इस क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में से एक है। इससे युवाओं के कौशल को बढ़ाने और पनबिजली क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी।

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव 5 से 11 अक्टूबर तक कुल्लू के ढालपुर मैदान में मनाया जाएगा। यह महोत्सव इस मायने में अनूठा है कि इसमें घाटी के 300 से अधिक देवी-देवताओं का समावेश होता है। महोत्सव के पहले दिन, देवता अपनी अच्छी तरह से सुसज्जित पालकियों में अधिष्ठाता देव भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं और फिर ढालपुर मैदान के लिए आगे बढ़ते हैं। ऐतिहासिक कुल्लू दशहरा समारोह में प्रधानमंत्री इस दिव्य रथ यात्रा और देवताओं की भव्य सभा के साक्षी बनेंगे। यह पहली बार होगा जब देश के प्रधानमंत्री कुल्लू दशहरा समारोह में भाग लेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री शिंदे को जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी मिली थी। यह धमकी अविनाश वाघमारे नाम एक शख्स ने शराब के नशे में 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी थी। उसने होटल मैनेजर से पिणे के पाणी की बॉटल मांगी थी। लेकीन हॉटेल मॅनेजर ने उससे किंमत से जादा पैसे लिए उस बिल को लेकर झगड़ा हो गया था। वो इस गुस्से में होटल मैनेजर और मालिक को सबक सिखाना चाहता था। इसलिए उसने लोनावला के होटल से महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे को 112 नंबर डायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वाघमारे को हिरासत में लिया है। वह मुंबई के घाटकोपर में रहता है और मूल रूप से सांगली के आटपाटी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। उसने पूछताछ में यह बताया कि सीएम को जान से मारने की धमकी बस एक अफवाह और झूठी सूचना थी। आरोपी ने यह बताया कि वो ये सब शराब के नशे में कर गया।

### जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने गैर-स्थानीय बैंक प्रबंधक पर हमला किया

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सोमवार को आतंकियों ने एक गैर-स्थानीय बैंक प्रबंधक पर गोलीबारी की। हालांकि, इस हमले में वह बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना उत्तरी कश्मीर जिले में पट्टन इलाके के गौशबाग में हुई।अधिकारियों ने बताया कि घटना से जुड़े अधिक विवरण का इंतजार है।

### क्षमता से अधिक यात्रियों से भरी बस पलटी, एक की मौत, 67 घायल

**उधमपुर/जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को क्षमता से अधिक यात्रियों से भरी एक निजी बस के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 67 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बस मुंगरी खोर गली से उधमपुर शहर जा रही थी। बस जैसे ही क्रीमाची मानसर पहुंची, एक घुमावदार मोड़ से गुजरने के दौरान ड्राइवर वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अधिकारियों ने बताया कि वाहन पलटकर 40 फुट नीचे जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 67 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों में अधिकतर छात्र और कार्यालय जाने वाले यात्री हैं जिनकी हालत स्थिर है।

### ई-स्कूटर की बैट्री फटने से घायल हुए बच्चे की मौत

**पालघर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के वसई में इलेक्ट्रिक स्कूटर की बैट्री फटने से घायल सात वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान शब्बीर अंसारी के रूप में हुई है जो दूसरी कक्षा का छात्र था। शब्बीर के घर में 23 सितंबर को चार्ज होने के दौरान ई-स्कूटर की बैट्री में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया था।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के समय बच्चा अपनी मां के साथ सो रहा था। उन्होंने कहा, शब्बीर के पिता जयपुर से 'असेंबल' किया गया ई-स्कूटर लाए थे और बैट्री को चार्ज करने के लिए कमरे में रखा था। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बैट्री अधिक गर्म होने के कारण फट गई।

### हरियाणा के आदमपुर समेत 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**3 नवंबर को होगी वोटिंग, 6 नवंबर को आएंगे चुनावी नतीजे**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने सोमवार को महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश राज्यों में सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। बिहार के जिन दो निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे वे 178-मोकामा और 101 गोपालगंज हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, जिन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होंगे, उनमें महाराष्ट्र से 166- अंधेरी पूर्व, हरियाणा से 47 - आदमपुर, तेलंगाना से 93 - मुनुगोड, उत्तर प्रदेश से 139 - गोला गोकरनाथ और ओडिशा से 46 - धामनगर हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि गजट अधिसूचना 6 अक्टूबर को जारी की जाएगी, जबकि सीटों पर मतदान 3 नवंबर को होगा और परिणाम 6 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।